समाचार–प्रकाशनार्थ :–

## *मा0 मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान के स्वनिधि संवाद को देखा व सुना*

रतलाम 06 जनवरी। पी.एम. स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा लाभार्थियों से किये गये संवाद व उद्बोधन के सीधे प्रसारण को अधिकारी, कर्मचारी व हितग्राहियों ने विधायक सभाग्रह में एल.ई.डी. वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना।

मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा पी.एम. स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत 06 सितम्बर बुधवार को दोपहर 02:00 बजे लाभार्थियों से किये जाने वाले संवाद के सीधे प्रसारण को देखने व सुनने हेतु विधायक सभाग्रह में नगर निगम द्वारा एलईडी वॉल स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी जहां अधिकारी, कर्मचारी तथा हितग्राहियों सोश्यल डिस्टेंसिग व मास्क के साथ बैठाया गया।

आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम, रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री श्री मनोहर पोरवाल, श्री प्रदीप उपाध्याय, के अलावा श्री प्रवीण सोनी श्री मयूर पुरोहित, श्री कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

# हमारे संस्कारों में स्वच्छता शामिल होना चाहिए

रतलाम 06 जनवरी । भगवान के प्रेम के बाद महत्व की दृष्टि से दूसरा स्थान स्वच्छता के प्रेम का ही है।' जिस तरह हमारा मन मलिन को तो हम भगवान का प्रेम सम्पादित नहीं कर सकते, उसी तरह हमारा शरीर मलिन हो तो भी हम उसका आशीर्वाद नहीं पा सकते। शहर अस्वच्छ हो तो शरीर स्वच्छ रहना सम्भव नहीं है।

स्वच्छता हमारे संस्कार में होनी चाहिए। संस्कार भूलने की वजह से आज हमें स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण और आवश्यक विषय पर संवाद करना पड़ रहा है। ऐसे परिवार जो आज भी संयुक्त हैं उनमें स्वच्छता है लेकिन शहरी जीवन में सिमटे शिक्षित लोग ही गंदगी फैला रहे हैं। ऐसे लोग पीढियों से मिले संस्कार से दूर हो चुके हैं। इन्हें भी अपने संस्कारों से जुड़ाव रखना होगा। इसके बाद स्वच्छता को लेकर इनका नजरिया भी बदलेगा। उक्त बात बुधवार को विधायक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेते हुए कही। इस मौके पर जिलाधीश व नगर निगम प्रशासक श्री गोपालचंद डाड, नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, भाजपा नेता प्रदीप उपाध्याय, प्रवीण सोनी सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ–सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ–साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन

पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर–1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान बुधवार को सफाई मित्र समूह की  टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड–19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

## *मुखर्जी नगर में PMAY  MIG फ्लेट व दुकानों का आरक्षण पूर्ण*

रतलाम 06 जनवरी । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 96 एमआईजी फ्लेट व 12 दुकानों का फ्री होल्ड विक्रय किये जाने हेतु आरक्षण गठित समिति द्वारा नगर निगम सभागृह में लाटरी निकालकर किया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में 96 एमआईजी फ्लेट व 12 दुकानों का फ्री होल्ड विक्रय हेतु आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई इसके पश्चात निविदा आमंत्रित की जावेगी।

आरक्षण प्रक्रिया उपायुक्त एवं गठित समिति नोडल अधिकारी श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री एम.के. जैन, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार के अलावा श्री राजेन्द्रसिंह गेहलोत, श्री सतीश यादव आदि के द्वारा की गई।

## *2 सीएमएम व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका*

रतलाम 06 जनवरी । पी.एम. स्वनिधी योजना का लक्ष्य पुरा नहीं किये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन लक्ष्य पुरा करने तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये।

पी.एम. स्वनिधी योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडरों द्वारा पंजीयन कराया गया था जिसमें से अभी तक 2650 हितग्राहियों को ही ऋण का वितरण हुआ है शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने तक सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोहितया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ0 निर्मला राय का वेतन रोका गया।

ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिन्होने पी.एम. स्वनिधी योजना में अपना पंजीयन करवा लिया तथा ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया वे शीघ्र ही आवेदन प्रस्तुत करें तथा विस्तृत जानकारी हेतु पांजरा पोल स्थित नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) कार्यालय में संपर्क करें।

# गंदगी फैलाने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

रतलाम 06 जनवरी । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रकाश, राठौड़ रेस्टोरेंट अलकापुरी, गौराना स्टील, आरती स्टील, राज रतन स्टील पावर हाउस रोड, सुयश राठौड़ लोकेन्द्र भवन रोड, अंगारा होटल स्टेडियम मार्केट पर 500–500, चेतन राठौड अलकापुरी, दीपक शहर सराय, नारायण शर्मा सैलाना बस स्टैण्ड, राजेश सिविक सेन्टर, तय्यबी ऑटो पार्ट्स स्टेडियम मार्केट पर 250–250, भगवती रेस्टोरेंट अलकापुरी, गोपाल सैलाना बस स्टैण्ड, अमित सिविक सेन्टर पर 100–100, राकेश सैलाना बस स्टैण्ड व कैलाशचन्द्र सिविक सेन्टर पर 50–50 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किये जा रहे है लीकेज दुरस्त

### *76 दिनों में 114 वॉल्व व 522 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण*

रतलाम 06 जनवरी । शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 06 जनवरी तक 111 वॉल्व व 516 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।

''रतलाम जलशक्ति अभियान'' व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है जिसके तहत 06 जनवरी बुधवार को राम मंदिर के

सामने, राजेन्द्र नगर, हरमाला रोड लोकेन्द्रनाथ मंदिर के बाहर, होटल यादगार के सामने पाईप लाईन लीकेज दुरस्त करवाये जाने के साथ काटजू नगर उद्यान के बाहर, विनोबा नगर, पैलेस रोड पर वॉल्व की दुरस्त करवाया गया। इसके अलावा जवाहर नगर कपील किराना के सामने, कालिका माता बावड़ी के पास पाईप बदला व उंकाला रोड बसंत विहार कालोनी में लाईन जुड़वाई गई।

उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादव, श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

# *नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये*

**रतलाम 06 जनवरी । सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।**

## *दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें*

**रतलाम 06 जनवरी । समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु.डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., निःशक्त प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर तत्काल कार्यालयीन समय में जमा करावें ।**

# *गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक*

रतलाम 06 जनवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।

नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक–पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

### *सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें*

रतलाम 06 जनवरी । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

## कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

### खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालो पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

### अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना

**रतलाम 06 जनवरी । नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।**

**नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल–सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिशठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।**

**नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000–5000 हजार का जुर्माना करेगी।**

## *स्वच्छंद विचरण करने वाले 525 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा*

**रतलाम 06 जनवरी । रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 06 जनवरी तक 525 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।**

**कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर**

से अभियान चलाया गया तथा 06 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 523 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 06 जनवरी को रेल नगर व ग्लोबस कालोनी से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/— वसूल करेगा

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/06.01.2021/न.पा.निगम, रतलाम.